प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY)

स्रोत: TH

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग की अवधि (2021–22 से 2025–26) के दौरान प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY) के लिये कुल ₹6,520 करोड़ के व्यय को मंजूरी प्रदान की है, जिसमे **₹1,920 करोड़ की अतिरिक्त राशि** खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना और सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने हेतु शामिल है।

मुख्य स्वीकृतियाँ:

- **एकीकृत शीत शृंखला और मूल्य संवर्द्धन अवसंरचना (ICCVAI)** के तहत 50 मल्टी-प्रोडक्ट फूड इर्रेडिएशन यूनिट।
- **फूड सेफ्टी और क्वालिटी एश्योरेंस इंफ्रास्ट्रक्चर (FSQAI)** के तहत **100 NABL-स्वीकृत फूड टेस्टिंग लैब्स।**

प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना:

यह एक समग्र (कॉम्पोजिट) योजना है, जिसका उद्देश्य खेत से बाज़ार तक की आपूर्ति शृंखला प्रबंधन को दक्षता से संचालित करने हेतु आधुनिक बुनियादी ढाँचा तैयार करना है

मुख्य घटक:

- **मेगा फूड पार्क्स**
- एकीकृत शीत शृंखला और मूल्य संवर्द्धन अवसंरचना (ICCVAI)
- कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर्स हेतु अवसंरचना
- बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज का निर्माण
- खाद्य प्रसंस्करण एवं संरक्षण क्षमता का विस्तार
- खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना (FSQAI)
- मानव संसाधन विकास एवं संस्थान
- इस योजना का उद्देश्य आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना का निर्माण करना, आपूर्ति शृंखला को सशक्त बनाना, कृषि उत्पादों में मूल्य संवर्द्धन करना, किसानों को बेहतर लाभ दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार उत्पन्न करना है।

और पढ़ें: प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, भारत का खाद्य प्रसंस्करण परिदृश्य

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-kisan-sampada-yojana